# भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

## सहायक प्रबंधक की भर्ती हेतु ऑनलाइन-ऑफ़लाइन ऑनलाइन (वर्णनात्मक) मुख्य परीक्षा (चरण-II) के लिए सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन-ऑफ़लाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| पेपर का नाम | पेपर का प्रकार | माध्यम | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| **पेपर I :** अंग्रेजी | वर्णनात्मक (प्रश्न कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिखेंगे और उत्तर पत्रिका पर उत्तर लिखने होंगे) | द्विभाषीय अर्थात् अंग्रेजी और हिन्दी (अंग्रेजी पेपर को छोडकर) | 100 | 60 मिनट |
| **पेपर II :** इन्शुरन्स पर आर्थिक और सामाजिक विषयों का असर | | | 100 | 60 मिनट |
| **पेपर III :** इन्शुरन्स और प्रबंधन | | | 100 | 60 मिनट |
| | **कुल** | | **300** | **180 मिनट** |

उम्मीदवार बुलावा पत्र में छपे समय से 15 मिनट पहले परीक्षा स्थान पर अवश्य उपस्थित हों । परीक्षा के लिए समय 180 मिनट है; तथापि लॉग इन, प्रवेश पत्र जमा करने, निर्देश पढ़ने आदि के समय को मिलाकर आपको परीक्षा स्थल में लगभग 240 मिनट उपस्थित रहना पड सकता है । अंग्रेजी के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। हर पेपर को दिए गए समयावधि में आपको उस पेपर का उत्तर देना हैं।

**अंग्रेजी के अलावा दोनों पेपर अंग्रेजी और हिन्दी में उपलब्ध होंगे । वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे । प्रश्न के उत्तर अलग से उत्तर पत्रिका पर लिखने होंगे, जो आपको परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध करायी जाएगी ।**

**फेज II के लिए पाठ्यक्रम – वर्णनात्मक पेपर:**

### 1) पेपर I – अंग्रेजी

a) Essay;

b) Precis writing;

c) Comprehension and Business/Office Correspondence.

### 2. पेपर II – इन्शुरन्स पर आर्थिक और सामाजिक विषयों का असर

a) Economic Growth, business cycles and insurance penetration, impact of age structure on economy, application of utility theory to insurance premium setting, macroeconomic factors including catastrophes and pandemics that may impact insurers and insurance markets;

b) Financial markets, Financial Institutions and financial services integration and risks arising from interconnectedness; systemic risk and concentration risk;

c) Economic capital and risk based capital requirements, economic impact of risk transfer arrangements including reinsurance, contribution of Insurance sector to sustainable and responsible development of economy, Insurance Investments in Infrastructure sector;

d) Economic reforms in India leading to Insurance sector reforms, Insurance regulation - financial and market conduct regulations, functions of IRDAI, role of an Actuary, de-tariffing in India, motor business and Indian experience, changing Insurance Regulations/Laws and FSLRC;

e) Social structure in India, Insurance in rural and social sectors and obligations of Insurers thereto, Indian Micro-Insurance experience, Social security laws and implementation thereof. RSBY - Health insurance scheme for Below Poverty Line (BPL) families.

### 3. पेपर III - इन्शुरन्स और प्रबंधन

#### भाग 1 - इन्शुरन्स

a) History of Indian Insurance, principles of Insurance;

b) Risk and uncertainty, pooling and diversification of risk, Indemnity and Insurable interest;

c) Legal foundations of Insurance, basics in Group/Health Insurance/Pensions; Intermediation: role in mobilizing savings, evolution of various types and Bancassurance in India;

d) Functions performed by Insurers: Product design, pricing, distribution, underwriting, claims, Investment and Reinsurance;

e) Insurance lines and products: Property-Liability, Life Insurance and Annuities and Health Insurance; Liability risks and Insurance, valuation and Solvency requirements, Specialist Insurance lines in India - Agricultural and Export Credit Guarantee; Reinsurance, GIC of India, obligator sessions and retention of risk within the Country.

**भाग 2 - प्रबंधन**

a) Its nature and scope;

b) Management Processes - Planning, Organization, Staffing, Directing and Controlling; role of a Manager in an Organization;

c) Leadership: The tasks of a leader; leadership styles; leadership theories; A successful leader versus an effective leader;

d) Human Resource Development- Concept of HRD; Goals of HRD; Career Planning – Training and Development;

e) Performance Appraisal - Potential appraisal and development - feedback and performance counselling - rewards - employee welfare;

f) Motivation, Morale and Incentives: Theories of Motivation; How Managers Motivate; Concept of Morale; Factors determining morale; Role of Incentives in Building up Morale;

g) Communication: Steps in the Communication Process; Communication Channels; Oral versus Written Communication; Verbal versus non-verbal Communication; upward, downward and lateral communication; Barriers to Communication;

h) Role of Information Technology;

i) Corporate Governance: Factors affecting Corporate Governance; Mechanisms of Corporate Governance.

**(अ) ऑनलाइन-ऑफ़लाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण : (वर्णनात्मक)**

(1) परीक्षा ऑन-लाइन-ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी यानी प्रश्न पत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किए जाएंगे। और उत्तर पुस्तिकाओं पर लिखे जाने हैं।

(2) अंग्रेजी के अतिरिक्त दोनों प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। अंग्रेजी की परीक्षा को छोड़कर उत्तर हिंदी या अंग्रेजी में लिखे जाने चाहिए।

(3) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नंबर आदि) डिस्प्ले होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे । उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि डिस्प्ले की गई प्रोफाइल उसी की है। यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा प्रशासक/निरीक्षक की जानकारी में लाएं ।

(4) सर्वर पर समय सेट किया गया है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दाएं कोने में काउंट डाउन टाइमर आपकी परीक्षा के लिए शेष समय को दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह बंद हो जाने पर परीक्षा स्वतः ही समाप्त हो जाती है आपको अलग से अपनी परीक्षा समाप्त या जमा करने की आवश्यकता नहीं है ।

(5) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार का IRDAI द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठना वर्जित होगा।

(6) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं या प्रश्नों के विषय में पूछ सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(7) परीक्षण अलग-अलग समयबद्ध हैं। आप किसी विशेष पेपर को केवल उस पेपर के लिए आवंटित समय के दौरान ही हल कर सकते हैं।

(8) 180 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं कर पाएंगे और स्क्रीन लॉक हो जाएगी। उम्मीदवार को समय के अंत में उत्तर लिखना बंद करना होगा। समय की समाप्ति के बाद परीक्षा लिखने वाले किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**(9) कृपया नोट करें :**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**
**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(10) वर्णनात्मक प्रश्नपत्र के लिए कृपया नोट करें :-**
**(क) अलग से लॉग-इन करने की आवश्यकता नहीं है।**
**(ख) प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर स्क्रीन पर दर्शाए जाएंगे।**
**(ग) उत्तर उत्तर पत्रिका पर लिखने होंगे।**
**(घ) पेपर को दिए गए समयावधिनुसार उस पेपर के उत्तर लिखिए।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेशपत्र (कॉल लेटर) में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेशपत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और IRDAI प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि आपके द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमरा सहित या रहित), स्मार्ट वॉच या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(7) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को इस प्रवेशपत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया प्रवेशपत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेशपत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि प्रवेशपत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ IRDAI उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, प्रवेशपत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः पर्यवेक्षक को सौंप देना चाहिए।

(10) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परिवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनाई स्तर के अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, संचारित करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे IRDAI की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(14) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

**अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल निम्नलिखित सामान लाने की अनुमति होगी**

**क. मास्क**

**ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

**ग. एक सामान्य पेन और स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

**घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा उसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

**ङ. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

**परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।
8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

# आपको शुभकामनाएं!